प्रो. आई.जी. सनदी: तो आने वाले 26 जनवरी को भी मैं वहां की आज की स्थिति बताता हूं। मैं एक बहुत ही प्रमाणिक अभिप्राय यहां पर रखता हूं। मेरी समझ में नहीं आता है अगर किसी एक टास्क को देकर हम वहां पुलिस को नियुक्त करते हैं, वह पुलिस, वहां के अधिकारी सुप्रीम कोर्ट का आर्डर भी आता है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी आता है तो वहां पर डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट जैसे अधिकारी स्वीकार नहीं करते हैं। आदेश जब भी आता है तो वहां पर रहने वाली पुलिस, वहां पर अयोध्या में काम कर चुकी है, वैसी पुलिस नहीं थी। यें चाहते थे दो-ढाई हजार की तादाद में वहां पर घुस पाएंगे तो रेड कारपेट बिछाकर ईदगाह में ले जाएंगे, फ्लैग हायस्टिंग करेंगे। यह समझकर किया। तो जो भावना उनकी थी वह ठीक भावना नहीं थी, भावना में आकर, भड़काऊ भाषणों से सब कुछ हुआ। मैं कहता हूं कि आपके यहां बहुत से अच्छे लोग भी हैं। लेकिन दो सज्जनों की जुबान में पता नहीं क्या अमृत भरा है यह जहर भरा है। मैं हाथ जोड़कर कहता हूं कि उनके कृपया मत भेजिए। उस शहर को शांत करने का काम हम करेंगे। बहुत नुकसान हुआ है उन परिवारों को। मैं उन परिवारों को जानता हूं। हमारी चीफ मिनिस्टर इतने काइंड रहे कि फौरन एक लाख रुपये हर एक मृतक को उन्होंने देने को कहा है। जो कुछ भी वहां पर गुंडी हो गयी है उसकी इंक्वायरी के लिए उन्होंने वहां पर प्रबंध कर दिया है। मैं चाहता हूं कि जो फैली हुई आग है इसको बुझाने का काम करें, कष्ट करें। आपने जो समय दिया। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी. नारायणसामी): श्री सत्य प्रकाश मालवीय।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: सनदी साहब ने बहुत अच्छी बाते कह दीं लेकिन एक बात उनके ध्यान में नहीं आई..(व्यवधान)

†[Transliteration in Arabic Script

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mathurji, I called another name. I have not called your name.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: सिकन्दर बख्त साहब ने यह भी कहा था कि जो कुछ वहां..(व्यवधान) पार्टी है उधर की उनको कहा था कि आप आ जाइये, मैं नहीं जाऊंगा। हमारी बी.जे.पी. से कोई नहीं जाएंगे। आप आकर झंडा लहरा दीजिए..(व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस देश में अंग्रेज...(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री वी. नारायणसामी): माथुर साहब आप बैठिए। I have not asked you to speak. ...(व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: उपसभाध्यक्ष महोदय, जब इस देश में अंग्रेजों की हुकुमत थी तो आजादी के दीवाने अपने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर घूमा करते थे और कानपुर के एक पार्षद थे श्यामलाल जी। यह बात दूसरी है कि बाद में बेचारे गुरबत की हालत में मरे। लेकिन उन्होंने तिरंगे झंडे पर एक गाना बनाया था कि "विश्व विजयी तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा, इस झंडे की शान न जाने पाए, जान चाहे भले ही चले जाए"। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने लालकिले पर जाकर उसी तिरंगे झंडे को फहराने की बात की थी। इस देश में पहली बार 16 अगस्त, 1947 को इस देश के पहले प्रधान मंत्री जवाहर लाल नहेरू ने राष्ट्रीय झंडा फहराया। वही तिरंगा झंडा करीब-करीब जा करके बाद में राष्ट्रीय झंडा बना। लेकिन मैं नहीं समझ सकता कि उस राष्ट्रीय झंडे को फहराने के प्रश्न को विवाद का विषय क्यों बनाया गया? यह सारी दुनिया को मालूम था, सारे देस को मालूम था, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को मालूम था कि वह स्थान विवादग्रस्त है। जब विवादित स्थान है तो विवादित स्थान पर झंडा फहराने की बात करना मैं समझता हूं कि राष्ट्रीय झंडे का अपमान करना है। उसके बाद वहां पर क्या हुआ? मोइली सरकार ने वहां पर गोली चलाया। बी.के. हरिप्रसाद यहां पर भाषण दे रहे थे। 16 तारीख के उनके उस भाषण को मैंने पढ़ा उन्होंने भी गोली चलाने के कांड की भर्त्सना की है। 6 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। तो आखिर राष्ट्रीय झंडे के फहराने के विषय को जब राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आप करिएगा तो उसका यही हश्र होगा और कम से कम अब 26 जनवरी दोबारा इस बात की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मैं इन दोनों घटनाओं को 6 दिसंबर की घटना से जोड़ना चाहता हूं। 6 दिसंबर को जो घटना हुई वहां भी वह विवादित स्थल था और 15 अगस्त को हुबली में कर्नाटक में जो घटना हुई जिस स्थान को लेकर यह घटना हुई वहां पर भी विवादि स्थल था। 6 दिसंबर को भी भारतीय जनता पार्टी के नेता वहां पर उपस्थित थे। उन्होंने यह कहा कि मेरा कभी यह आशय नहीं था, हम लोग कभी नहीं चाहते थे कि गुबंद या ढांचा गिराया जाए, लेकिन वहां की जो भीड़ थी वह काबू के बाहर हो गई और इसलिए वह ढांच गिर गया। ठीक इसी प्रकार हुबली की भीड़ भी काबू के बाहर हो गई वहां पर भी भारतीय जनता पार्टी के नेता उपस्थित थे। मैं केवल उनसे नम्र निवेदन करना चाहता हूं, एक तो मेरा निवेदन उनसे यह है कि 26 जनवरी को झंडा फहराने की बात ऐसे विवादित स्थल पर नहीं करनी चाहिए। वैसा करके हम झंडे की प्रतिष्ठा नहीं करेंगे बल्कि झंडे का अपमान करेंगे। दूसरे 6 दिसंबर की घटना के बाद उस समय जो लोक सभा के विपक्ष के नेता थे उन्होंने अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया था और 6 दिसंबर को जो घटना घटी वहां पर जो निर्दोष लोगों की हत्याएं हुई उसकी जिम्मेदारी उन्होंने अपने ऊपर ली थी।

इसलिए मैं इस सदन के माफ़र्त अपनी आवाज़ उठाना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी की सदन के जो विपक्ष के नेता हैं उनको 15 अगस्त की जिम्मेदारी को ले करके अपने पद से त्याग-पत्र देना चाहिए। मोइली साहब ने वहां पर न्यायिक जांच बैठा दी है। आज विपक्ष के लोगों ने मांग की है कि मोइली साहब को मुख्य मंत्री के पद से त्याग-पत्र दे देना चाहिए, लेकिन हम लोग जो ऊंचे आदर्शों की बात करते हैं, जो उच्च मूल्यों की बात करते हैं, आज अपने पद से इस्तीफा दे करके मैं समझता हूं कि जो इस देश के उच्च मूल्य हैं उनका पालन ही सिकन्दर बख्त जी करेंगे। इसलिए मैं फिर इस बात की मांग को दोहराता हूं कि उनको अपने पद से त्याग-पत्र दे देना चाहिए और दूसरे भारतीय जनता पार्टी को 26 जनवरी को दोबारा वहां पर जा करके झंडा फहराने की बात को नहीं सोचना चाहिए। धन्यवाद।

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, इस देश में एक राजनीतिक पार्टी ऐसी है जिसकी दृष्टि गिद्ध वाली है। गिद्ध उड़ता तो रहता है ऊपर, लेकिन जहां उसको खुराक दिखाई पड़ती है उतर जाता है। पता नहीं इन लोगों को कैसे किसी पुरानी मस्जिद, किसी ईदगाह, किसी कब्रिस्तान, किसी मज़ार पर, हम खुद ही नहीं जानते थे कि हुबली में कोई ईदगाह है, इन लोगों ने 15 अगस्त पर उजागर कर दिया। बहुत बड़े नेता इस सदन में विपक्ष के नेता गिरफ्तार हो गए। हम लोग चिंतित हुए अखबार में पढ़कर कि यह कैसे हो गया। उनकी तरफ से

तर्क दिया जा रहा है अदालत का फैसला, अपने दिल पर हाथ रख कर कहें कि क्या किसी अदालत में यह मामला विचाराधीन नहीं है? वह लोग तर्क देते हैं, बहुत मासूम सवाल मैं पूछना चाहता हूं कि कितने दिनों तक इस तरह का खेल यह लोग खेलेंगे और कितने दिनों तक इस बात की इजाजत दी जाएगी? यह सही है कि किसी बड़े मुद्दे पर लड़ने के लिए कभी-कभी इन लोगों का साथ भी लिया जाता है, लेकिन यह भी सही है कि मुल्क का नुकसान होता है। चाहे हुबली हो, चाहे अयोध्या हो, चाहे जो कोई भी कांड हो। उससे एक संदेश और सूचना जो देश में और देश के बाहर जाती है वह बड़ी खतरनाक होती है। देश के अंदर 20 करोड़ के करीब अल्पसंख्यक हैं, उनके दिल में दहशत पैदा हो जाती है कि अब तो हमारा ईदगाह महफूज नहीं है। अब तो हमारे कब्रिस्तान और मस्जिद महफूज नहीं है और देश के बाहर के लोगों के बीच में हमारी तस्वीर बनती है कि हिंदुस्तान में जिन लोगों की तादाद ज्यादा है, अपने से कम तादाद वालों को सता रहे हैं।

महोदय, सवाल तिरंगे का नहीं है, संदेश का है। अगर हिंदुस्तान में हम तादाद में ज्यादा रहने वाले लोग अपने से कम तादाद वाले लोगों के मन में यह भरोसा न जता सके 50 साल के बाद भी कि यह तुम्हारा देश है तो यह गहरे दुख की बात है। महोदय, लड़कपन में और यूनिवर्सिटी में जब हम पढ़ते थे और उस दौर में से ये लोग कब्रिस्तान में कब्जा कर लेते थे तो हम लोग सोशलिस्ट पार्टी का झंडा लेकर जाते थे इनका मुकाबला करने के लिए छोटा सा एक मंदिर बना दिया, एक शिव की पंडी रखदी या हनुमान जी की मूर्ति रखदी और वह झेलना पड़ता था। महोदय, हम तब से देख रहे हैं और अंतिम बात तो 6 दिसंबर को आ गयी थी अयोध्या वाले केस में। उस समय इन लोगों से दोस्त के तौर से हम लोगों ने कहा था और फिर कहना चाहते हैं दोस्त के तौर पर कि घटना ऐसी नहीं है कि हिंदू मुसलमान का दंगा हो जाय अलीगढ़ में, मेरठ में, अलीगढ़ मेरठ के दंगे तो वहां की पुलिस कंट्रोल कर लेती है, लेकिन यह मामले जो बिगड़ते हैं तो उसकी आग देशभर में और दुनियाभर में लगती है। आयोध्या का मामला बिगड़ा था। महोदय, जैसे साइंस में कुचालक और सुचालक होता है तो अलीगढ़ का, मेरठ का, मुरादाबाद का, इलाहबाद का दंगा मुकामी होता है, यह तो कुचालक टाइप का होता है लकड़ी में एक तरफ आग लगा दीजिए, दूसरी तरफ ठंड़ी रहेगी, लेकिन यह जो आयोध्या का मसला हुआ या ईदगाह का मसला हुआ, यह सुचालक किस्म का हो जाता है। आयोध्या में मस्जिद गिरी और आग लगी बंबई में, आग लगी बड़ौदा में। पूरा हिंदुस्तान जल उठा, लेकिन इस मरम को ये लोग समझने को तैयार नहीं हैं। हो सकता है वकती तौर पर इनको राजनीतिक फायदा मिल रहा हो, लेकिन वह भी मिलनेवाला नहीं है। इस तरह की सियासत से कोई फायदा मिलता नहीं है। इस मरम को समझना ही पड़ेगा और जो कुछ भी हरकत ये लोग कर रहे हैं कि जो तादाद में हम से कम हैं, उनको पीटते रहेंगे। कभी किसी ईदगाह में पीटने की कोशिश करेंगे कभी तिरंगा झंडा लेकर, कभी राम की मूर्ति लेकर रामलला लेकर। मैं कहना चाहता हूं कि जितने जज्बे इनके रामलला के लिए होंगे, उतने ही हमारे भी हैं। जितने जज्बे इन लोगों के राष्ट्रीय तिरंगे के लिए हैं, उतने ही हिंदुस्तान के सब लोगों के होंगे, लेकिन राष्ट्रीय झंडे का अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए दुरूपयोग कोई राजनीतिक पार्टी करे। इस बात की इजाजत दी जा सकती है, यह सवाल है?

महोदय, बहुत पहले एक पार्टी नेता थे, वह उम्र में हमसे कम है। उन्होंने एक बयान दिया था जिस पर हमने ताज्जुब किया था। कहा था कि इस तरह की जमात सोच के जितने लोग हैं, वह सब के सब राष्ट्रद्रोही है। भाई लोगों ने बहुत गुस्सा किया था। हमको भी लगता था कि, लड़का है जोश में बोल गया होगा। इतनी कड़ी भाषा नहीं बोलनी चाहिए, लेकिन इन हरकतों को देखने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा जा रहा है कि इनको समझना दो मिनिट, चार मिनिट का खेल नहीं। आप घंटी बजाकर चाहें कि हम दो मिनिट में समझा दें, तो यह दो मिनिट में नहीं होगा। इनको समझाने के लिए पचासों साल लगेंगे।

महोदय, एक बात कहकर अपना भाषण खत्म करूंगा। इनकी सोच के लोग जब ये बोला करते हैं कि हिंदुस्तान के चप्पे-चप्पे पर तिरंगा राष्ट्रीय झंडा फहराया जाएगा, तो क्या काशी विश्वनाथ पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराया जाएगा? नहीं फहराया जाएगा क्योंकि काशी विश्वनाथ मंदिर का अपना जज्बा होता है और राष्ट्रीय झंडे का अपना जज्बा होता है और जज्बे के ऊपर जज्बा रखा नहीं जा सकता है। ईदगाह का भी अपना जज्बा है, मस्जिद का भी अपना जज्बा है। वहां आदमी ईद की नवाज अदा करता है। किस मुंह से आप कह रहे हैं कि चप्पे-चप्पे राष्ट्रीय पर झंडा फहराया जाएगा? मैं अभी सुन रहा था तो हंसी आ रही थी कि ये कैसे कह रहे हैं? महोदय, हमें अच्छी तरह से याद है 51-52 का जमाना। राजनारायण जी हम लोगों के नेता थे, नौजवान थे। इस सदन में भी रह चुके हैं। काशी विश्वनाथ में हरिजनों को लेकर घुस गए। वहां के पंडों ने, पुरोहितों ने और करपात्री जैसे लोगों ने राजनारायण

जी को ललकारा, बनारस के राजा ने ललकारा, शंकराचार्यों ने ललकारा। काशी विश्वनाथ मंदिर अपवित्र घोषित कर दिया गया। 40 साल के बाद, 45 साल के बाद अभी बनारस में एक धर्म संसद की बैठक हुई। अब करपात्री जी तो नहीं है, राजनारायण जी भी नहीं है, लोहिया जी भी नहीं है, वह पंडित पुरोहित भी नहीं होंगे, लेकिन धर्म संसद की जो बैठक हुई आयोध्या मसले और किस-किस सवाल पर, तो आखिर में उन लोगों ने तय किया कि चलकर डोमराज के यहां भोजन करना है। जो लोग विश्वनाथ मंदिर में हरिजन का प्रवेश वर्जित मानते थे, मंदिर उनका अपवित्र हो जाता था, वह लोग डोमराज के यहां भोजन करने चले गए। अब पचास साल बाद इनको अकल आती है तो पांच मिनट के भाषण में हम इनको अकल कहा से दे सकते हैं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Shri Sangh Priya Gautam. Only three minutes has been allowed to you by the Chair.

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रोफेसर सनदी साहब का बड़ा सम्मान करता हूं और उनके वक्तव्य की भी सराहना करता हूं। मैं उनको पसंद भी करता हूं ओर मैंने ताली बजाई उनके वक्तव्य पर। मैं एक राष्ट्रीय विचार का व्यक्ति हूं। मैं कोशिश करता हूं दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चलूं।...(व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: गलत जगह फंस गये है...(व्यवधान)... A good man in a bad company.

श्री संघ प्रिय गौतम: दरअसल आप लोगों की खुराफात की वजह से, उन लोगों की खुराफात की वजह से। मिश्र जी का शब्द इस्तेमाल कर रहा हूं:-

सताते भी हैं मुताबातिर भी और रोने भी नहीं देते।

यही बस इनका मंशा है कि मैं घुट घुट के मर जाऊं।

हिन्दुओं में भी कट्टरपंथी है और मुसलमानों में भी कट्टरपंथी है। यहां भी हठधर्मी है और वहां भी हठधर्मी है। कमियां दोनों जगह हो सकती हैं।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं अपने आपको केवल इस मुद्दे पर ही सीमित रखूंगा। यह जमीन नगरपालिका की है। नगरपालिका ने जमीन नमाज पढ़ने के लिए दी है। नमाज पर भी पाबंदी है कि साल में दो बार केवल नमाज होगी। आप रिकार्ड देख लें, जितना मैंने जाना है।...(व्यवधान)... मैंने इंटरफीयर नहीं किया था, आप मुझे कह लेने दीजिए। इजाज़त है कि ईद की नमाज, और ईद की नमाज केवल दो ही बार पढ़ी जाती है क्योंकि साल में ईद दो ही होती हैं। इसलिए लोजिकली भी इस पर केवल दो बार नमाज पढ़ी जा सकती है। सन् 1921 में लीज हुई थी और उसमें यह इजाजत मिली कि साल में दो बार नमाज मुस्लिम पढ़ेंगे और बाकी सभी वर्गों के लोग इस पर कोई भी यात्रा, आदि और पब्लिक फंक्शन कर सकते हैं। आप लीज को देख लीजिए। लिहाजा मुस्लिम और सभी लोग इसको इस्तेमाल इसी प्रकार करते रहे।

महोदय, अब इसमें झगड़ा कहां से शुरू होता है? यह होता है इन कांग्रेसियों के कारण। इन्होंने वहां पर बिल्डिंग बनाने की इजाजत दे दी। एक तो यह है ईदगाह के नाम से जाना जाने वाला स्थान अगर आप ईदगाह बनाएं तो बात समझ में आती है, लेकिन आप बना क्या रहे हैं? प्रोफेसर सनदी साहब बताएंगे। आपका इरादा चारों तरफ से गोलाई में एक मल्टीस्टोरी बिजनेस कांपलेक्स बनाने का है और उसको घेरकर के केवल अपने इस्तेमाल के लिए करना चाहते हैं और पब्लिक प्लेस से दूसरे वर्गों को सामाजिक समारोहों से वंचित करना चाहते हैं। चूंकि कांग्रेस सरकार की नीति हमेशा यह रही है।...(व्यवधान)...

मैं तो अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी का छात्र रहा हूं और आज के जो मुसलमानों के हमदर्द है, मैं रिपब्लिकन पार्टी का फाउण्डर मैम्बर रहा हूं, मैंने उस मंच से दलितों ओर मुस्लिमों की लड़ाई 23 बार जेल में जाकर लड़ी है। मैं डा. लोहिया जी के साथ भी जेल गया हूं। मैं उनको डा. अम्बेडकर से मिलाने के काम में शामिल था। जिस दिन डा. लोहिया का प्राणांत हो रहा था, मैं पछाड़ खाकर डा. लोहिया अस्पताल में नीचे गिर गया था। मनीराम बांगड़ी जी थे और भी कई आदमी गवाह है, जो वहां मौजूद थे। चूंकि अखबार में मेरा नाम प्रकाशन में नहीं आया और मैं बहुत गरीब घर में पैदा हुआ हूं, पब्लिसिटी नहीं मिली, लेकिन मेरा भी अपना एक योगदान है राष्ट्र के सौहार्द की स्थापना में। महोदय, यह झगड़ा कहां से शुरू होता है? आप कहते है कि आप नमाज पढ़िए ईद के दिन और बाकी पब्लिक प्लेस की तरह इस जमीन का इस्तेमाल होगा, बिल्डिंग वगैरह कोई नहीं बनेगी। जब आपने बिल्डिंग की इजाजत दे दी और बिल्डिंग एक साइड से बननी शुरू हो गई, छह दुकानें वहां बन गई। इस बारे में सनदी साहब बता देंगे तो झगड़ा शुरू हो गया।...(समय की घंटी)... सर, मैं भी फैक्ट्स पेश कर रहा हूं, किसी को प्रोवोक नहीं करूंगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Only three minutes were allowed to you.

श्री संघ प्रिय गौतम: दो मिनट की और मेहरबानी कर दीजिए, मैं जल्दी-जल्दी कह देता हूं। चुनांचे, वहां पर जो दूसरे वर्ग के लोग थे वे मुंसिफ की अदालत में गए। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग पर रोक लगनी चाहिए, अदालत ने रोक लगा दी और कहा कि जो बिल्डिंग बन गई है, डिमालिश हो जाए। उसके खिलाफ अपील में सिविल कोर्ट में गए, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में गए, वहां से अपील खारिज हो गई। उसके बाद हाई कोर्ट में गए, हाई कोर्ट से भी अपील खारिज हो गई। अब सुप्रीम कोर्ट में गए, सुप्रीम कोर्ट का फैसला क्या है:-

> जितनी इमारत बन गई है वह डिमालिश नहीं होगी, इतना तो इनको स्टे है, जब तक यह केस सुप्रीम कोर्ट से तय नहीं हो जाता, पब्लिक प्लेस की तरह ये इस्तेमाल होगी और यात्रा वगैरह वहां पर जाएगी।

करना तो यह चाहिए था कि जिस अदालत के आदेश का अनुपालन होता, प्रो. सनदी साहब ने कहा कि बहुत दिनों से इस पर झगड़ा हो रहा है तो कर्नाटक की सरकार को, मेरा आरोप है कि कर्नाटक सरकार को दोनों पक्षों को बुलाकर के, इन्हें समझाकर के ...(व्यवधान)...

प्रो. आई. जी. सनदी: एक क्लेरिफिकेशन देना चाहता हूं। दूरदर्शन पर भी जब मेरा नाम आता है तो ''सनदी'' के नाम से आता है, वह ''सानदी'' नहीं ''सनदी'' है।

श्री संघ प्रिय गौतम ''सनदी'', ठीक है। थैंक्यू वेरी मच। बहुत-बहुत शुक्रिया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly conclude.

श्री संघ प्रिय गौतम: तो वहां होना यह चाहिए था कि पब्लिक प्लेस झंडा फहरवा दिया जाता कोई हिन्दू वहां मंदिर तो नहीं बनाना चाहते थे या कोई अपनी आबादी नहीं बनाना चाहते थे, केवल झंडा ही तो फहराना चाहते थे। तो वहां की सरकार को यह करना चाहिए था कि पुलिस की मौजूदगी में और पैरा मिलिट्री फोर्सिस की मौजूदगी में हिन्दू-मुसलमान दोनों को मिलाकर झंडा फहरा देना चाहिए था, दो मिनट के बाद बात खत्म हो जाती। लेकिन हुआ क्या? लीडर आफ दि अपोजीशन, जिनको आप कह रहे हैं, वहां की अंजुमन से वह मिले और उन्होंने वह कहा कि हम मुसलमान लोग केवल वहां झंडा फहराएंगे, आपका हिन्दू कोई नहीं जाएगा, उन्होंने कहा कि हमें स्वीकार है लेकिन वहां के दूसरे लोगों ने, कठमुल्लाओं ने उनको बहका दिया। अब, जनाब, वहां समारोह होने वाला था, एक तो यह कहना कि लीडर आफ दि अपोजीशन वहां थे यह गलत है, उनको तो दो दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया। डेट आफ अकरेंस के दिन भारतीय जनता पार्टी का कोई नेता वहां मौजूद नहीं था और लीडर आफ दि अपोजिशन वहां मौजूद नहीं थे। यह हुआ 15 अगस्त को, जबकि इनको 13 अगस्त को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। मैं इस बात को जरा स्पष्ट कर दूं।

दूसरी बात यह है कि जब सरकार ने इतनी तैयारी की, पुलिस लगाई, पैरा मिलिट्री फोर्स लगाई, रेपिड एक्सन फोर्स लगाई तो पहले पुलिस को, सरकार को, क्या करना चाहिए था? हम पर भी पहले पानी डाला गया था, 25 फरवरी को एम.पीज़. पर, फिर हम पर लाठीचार्ज किया गया, फिर आंसु गैस छोड़ी गई। तो करना यह चाहिए था कि पहले आप पानी डालते, फिर आंसु गैस छोड़ते, फिर लाठीचार्ज करते, यह न करके आपने सीधे फायरिंग क्यों की?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Gautam, you have to conclude now.

श्री संघ प्रिय गौतम: इसका क्या अर्थ है? इसका सीधा मतलब है कि आपने जान-बूझकर के हत्या की है और जो सरकार यह इंतजाम नहीं कर पाई, वह सरकार फेल हुई है। इसलिए वहां की ''मोइली सरकार'' को डिसमिस किया जाना चाहिए। मैं अपनी यह बात विद फैक्ट्स एंड फिगर्स कह रहा हूं और आईदा के लिए ..(समय की घंटी).. आखिरी बात कह रहा हूं, मैं स्वागत करता हूं आपकी बात का, चलिए हम आपके ऊपर छोड़ते हैं कि इस तरह के झगड़े जहां भी हैं, मुसलमान केवल ईद पड़े साल में दो बार, कोई कंस्ट्रक्शन न करें और हर धर्म के लोग-हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, अपनी सभा करें, हमें आपका फैसला मंजूर है और सभी नहीं सोचेंगे झंडा लगाने की बात लेकिन यदि पब्लिक प्लेस पर इमारत बनाई जाएगी और दुकानदारी के लिए बनाई जाएगी और सरकार अगर ऐसी नीति अपनाएगी तो हम इसका विरोध करेंगे। धन्यवाद।

डा. जगन्नाथ मिश्र (बिहार): माननीय उपसभाध्यक्ष जी आज एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण विषय पर इस सदन में विचार-विमर्श हो रहा है जो हुबली की घटना से संबंधित है। इसके लिए हमें इस पृष्ठभूमि में जाना चाहिए कि ऐसी घटनाएं क्यों घटती हैं। ये तमाम यात्राएं, ये रथ-यात्राएं क्यों की जाती हैं। जिनसे कि संप्रदायवाद को, सांप्रदायिक तनाव को बल मिलता है। उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय के बाद कि धर्मनिरपेक्षता हमारे संविधान की बुनियाद

है, मूल अवधारणा है, क्या इस देश के नागरिकों को, किसी संगठन को, किसी दल को यह छूट हो सकती है कि संविधान की मूल अवधारणा के विरुद्ध वह आचरण करे, संगठन करे और उन्माद उत्पन्न करे?

महोदय, भारतीय जनता पार्टी जिन बुनियादों को लेकर चली है विभिन्न नामों से, उनके नामों में परिवर्तन होता रहा है लेकिन वे हैं वही, एक ही मानसिकता, एक ही दृष्टिकोण और एक ही स्ट्रेटेजी राजनीति के लिए उन्होंने अपनाई है कि सांप्रदायिक तनाव पैदा करके जनादेश हासिल किया जाए।

महोदय, अयोध्या की घटना के बाद मुझे ऐसा लगता था कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं के यह अहसास हो सकेगा कि अयोध्या की घटना की कितनी कीमत उनको देनी पड़ी जब उत्तर प्रदेश की, हिमाचल, प्रदेश की, मध्य प्रदेश की और राजस्थान की सरकारें टूटी थीं और जनता ने भी इसे अपनी मंजूरी दे दी चुनावों में। इसके माने यह हुए कि इस देश की एकता को खंडित करने के लिए, इस देश के सांप्रदायिक सद्भाव को क्षत-विक्षत करने के लिए जो कोई भी दल, जो कोई भी संगठन कार्य करेगा, उसे जनता का समर्थन और सहयोग नहीं मिल सकता।

महोदय, अब समय बदल गया है। जब जातियों में, संप्रदायों में बांटकर अगर कोई राजनीति करना चाहे, खास करके सांप्रदायिक भावना को उभार करके, हिंदू-मुस्लिम संप्रदायों में भेद डालकर अगर कोई जनाधार बनाना चाहे तो यह धारणा आज की परिस्थिति में निरर्थक हो गई है, इसकी सार्थकता समाप्त हो गई है और इस देश के लोग सचेत हो चुके हैं कि चुनावी दृष्टि से जो नारे लगाए जाते हैं, भाषण दिए जाते हैं, हिंदू-मुस्लिम लोगों में जो नफरत पैदा करने की बातें कही जाती हैं, वे केवल दलगत स्वार्थ की पूर्ति के लिए होती है। जन-समस्या से उनका कोई ताल्लुक नहीं है।

महोदय, जो यात्राएं या कार्यक्रम हुए हैं भारतीय जनता पार्टी की तरफ से वे अगर सामाजिक समस्याओं को दूर करने के लिए, राष्ट्रीय-एकता को मजबूत करने के लिए, सामाजिक-उत्पीड़न और सामाजिक अन्याय को दूर करने के लिए, समतावादी समाज बनाने के लिए या इस देश की नैतिकता को उठाने के लिए या हमारे राष्ट्रीय जीवन में आई गिरावट के मुद्दों को लेकर चलाए गए होते तो हमें इनकी ईमानदारी पर थोड़ा-बहुत विश्वास हो सकता था लेकिन उनके राजनीतिक कार्यकलापों में हमें कोई विश्वास नहीं है। केवल एक ही उद्देश्य से वे इन कार्यक्रमों को चलाते हैं कि वे जनता का समर्थन हिन्दू-मुस्लिम विभाजन करके प्राप्त करें।

महोदय, अब वह समय नहीं है जब ऐसे संवेदनशील मामले को हलके ढंग से लिया जाए। कोई कारण नहीं था वहां झंडा फहराने का और माननीय सदस्यों ने ठीक ही कहा है कि जो हमारा राष्ट्रीय झंडा है, वह किसी एक संप्रदाय का, किसी एक संगठन का नहीं है। ऐसा संगठन जिसकी निष्ठा हमारे संविधान के प्रति नहीं है, उसकी संपत्ति वह नहीं हो सकता है, उसका अधिकार वह नहीं हो सकता है। राष्ट्रीय झंडे के साथ कोई मजाक करे, खिलवाड़ करे और यह झंडा हमारे समाज को दो भागों में विभक्त करने का माध्यम बन जाए, यह उचित नहीं है।

माननीय सदस्य ने ठीक ही कहा कि अगर तिरंगे झंडे से सांप्रदायिकता बढ़ने की बात होगी तो हमारे तमाम स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं ने देश की आजादी के लिए जो कुर्बानियां और त्याग किए है, उनका हम अपमान करेंगे। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि केवल वहां का गोलीकांड ही आज की चर्चा का विषय नहीं है। वहां के मुख्यमंत्री ने तत्तकाल जांच की घोषणा कर दी है लेकिन मामला यहीं तक सीमित नहीं है। मामला बहुत गंभीर है और खुराफात की राजनीति, विध्वंस की राजनीति, देश को तोड़ने की राजनीति इनका मंसूबा है, इसको हमें स्पष्ट रूप से उजागर करना चाहिए और एक जांच समिति सदन की बने या सदन के बाहर बने, एक सर्वदलीय समिति बने जो सारे मामले की जांच करके राष्ट्र के सामने इस तथ्य को उजागर करे कि ऐसी हरकतें बार-बार इनकी ओर से क्यों की जाती हैं।

क्या इस देश को नुकसान पहुंचाने से इनको संतोष नहीं हुआ है? हमारे सैकड़ों-सैकड़ों लोग मारे गए, हमारी करोड़ों-करोड़ की निजी सम्पत्ति बरबाद हुई है। देश के बाहर जिन लोगों में हमारी प्रतिष्ठा के प्रति एक संदेह उत्पन्न हो गया था कि क्या भारत जो प्रतिबद्ध है, कमिटेड है सेक्युलरिज्म के लिए, उस देश के एक सम्प्रदाय के धर्म स्थल को शहीद किया जा सकता है? आखिर इस देश के अल्पसंख्यकों के मन में अगर सुरक्षा का भरोसा और विश्वास नहीं होगा, उन्हें धार्मिक स्वतंत्रता नहीं होगी जैसा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25, 26, 27, 28 में 29 में और 30 में निर्दिष्ट हैं तो उन धाराओं को हम याद क्यों रखेंगे? क्या देश के लोग संविधान के इन प्रावधानों की रक्षा के लिए आगे नहीं आएंगे? इन तमाम बिन्दुओं को आज उजागर करने की जरूरत है। इसलिए सरकार जल्दी से जल्दी एक जांच आयोग बैठाकर इन सभी बातों की गहराई में जाए और ऐसे लोगों की पहचान करें। हमें सार्वजनिक तौर पर इनकी भर्त्सना करने के लिए और ऐसे

दल की कार्रवाईयों को आगे रोकने के लिए ऐसी जांच की आवश्यकता है। इसलिए हुबली का जो इनका प्रोग्राम था, वह निश्चित रूप से हानिकारक था और देश को तोड़ने का था। कर्नाटक में जहां इनका कोई जनाधार नहीं है, इस कार्य के माध्यम से वह अपना जनाधार बनाने की शुरुआत करना चाहते हैं। इसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है।

SHRIMATI MARGARET ALVA: Mr. Vice-Chairman, Sir. we have been listening, over the last four hours, to the various opinions that have been expressed in the House and the various accusations that have been made from some quarters of the House about the incident in Hubli. I rise. Sir, first of all, to say that we do share the sorrow of all those who have expressed it here and outside at the unfortunate loss of lives in Hubli which was absolutely unnecessary if a situation had not been created in which the law enforcing authorities had to ultimately intervene and protect the rights of the common citizens to peace and tranquillity in Hubli. Sir, it is obvious from the planning and from all the statements that have been made from particular quarters, that the BJP leadership had really wanted to launch its election campaign in the South from Hubli. It has used this occasion to start literally a political campaign. Immediately after the incident, the first demand has been for the dismissal of the local Government. And all sorts of other charges which are, undoubtedly, political in nature have been made. I do not wish to go into them at this stage. All I wish to say, Sir, is that Hubli has had a tradition of peace and tranquillity. In Hubli, Hindus, Muslims and other minorities have lived in peace, in total understanding, and the atmosphere was vitiated, unfortunately, on a solemn day lime the Independence Day, using nothing less than the National Flag as an instrument for creating discord and dissension among the local communities.

Sir, since the issue of the legal status of the land has been raised repeatedly—we have had different versions—I would like to place on record a few facts about the dispute itself. It was in 1921 that the then Municipality of Hubli Dharwar, had passed a resolution granting the open space of land in front of the Idgah on a lease basis, for a period of 999 years, on a nominal rent of Re. l/-per year, to the Anjumane-islam, Hubli. The said plot measured 1 acre S guntas and 76 square yards, bearing CGS No. 174. The resolution was approved by the Government of Bombay—at that time, these areas were under the Government of Bombay—on 11.1.1922. Thereafter, a document came to be executed in 1930 by the Anjuman-e-Islam, Hubli, in favour of the Chief Officer of the Municipality of Hubli. The document was supposed to be a lease deed in respect of the open space which was permitted to be used only for religious purposes and to enclose it with a compound wall, prohibiting them from subletting it and also from erecting any building on it.

In the meanwhile, during 1960, a modified order was passed by the Administrator of the Municipal Corporation, to enable Anjuman-e-Islam to construct shops around the Idgah. On 30.3.62, Anjuman-e-lslam executed a document, styled as "rent note', in favour of the Commissioner of Hubli-Dharwar Municipal Corporation, in terms of the Government Order of 1962. In 1971, Anjuman-e-Islam secured permission to put up construction on the plot in accordance with the plan approved by the Corporation, the validity of which was extended up to 1972. When Anjuman-e-lslam started construction of six shops, the BJP and some of the local leaders objected to construction of the building. The litigation is going on between both the parties since then, which means, the BJP has been a party to the dispute. *(Interruptions)*

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: In 1972?

SHRIMATI MARGARET ALVA: From 1972.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: The BJP came into existence in 1980. There was no BJP before 1980.

SHRIMATI MARGARET ALVA: Now, if you change your names and your *Avtar* every few years, then, it is very difficult to keep Irack. of you. *(Interruptions)*

श्री एस.एस. अहलुवालिया: मैडम जिस तरह सेल्स टैक्स के लिए ये अपना बोर्ड बदलते हैं उसी तरह से ये अपना बोर्ड बदलते रहते हैं। (व्यवधान)

श्री जनार्दन यादव: *

.....(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly take your seal. Mr. Yadav, take your seat.

SHRIMATI MARGARET ALVA: Sir, aggrieved by the decision of the Hubli .....*{Interruptions)*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Mr. Vice-Chairman, Sir, I object to Mr. Yadav's remark. I object to it. He should withdraw this word. This turban is a sign of sacrifice. This turban which I am wearing, was the sacred thread of the Hindus. It was die *Tilak* of Hindus and you are talking about this turban, you withdraw your words.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Yadav, you withdraw your words because your words should not hurt the sentiments of the Member.

श्री जनार्दन यादव: मेरे शब्दों से अगर अहलुवालिया जी को कोई तकलीफ है तो मैं माफी मांगता हूं।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: तकलीफ आपको होनी चाहिए। मेरे को नहीं, आपको होनी चाहिए।

श्री जनार्दन यादव: मैंने उस भावना से नहीं कहा था। यह ....(व्यवधान)

श्री एस.एस. अहलुवालिया: तकलीफ आपको होनी चाहिए। *

श्री जनार्दन यादव: जो मैंने कहा था...(व्यवधान)

श्री एस.एस. अहलुवालिया: इससे तुलना मत कीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): He has already withdrawn those words. Madam, you continue. Those words have been withdrawn from the record.

SHRIMATI MARGARET ALVA: Sir, aggrieved by the decision of the Hubli-Dharwar Municipal Corporation granting permission for the construction of shops, these †[ ]Not recorded

parties filed a suit in 1972 in the Court of the Munsif at Hubli. The Commissioner of the Hubli-Dharwar Municipal Corporation was one of the defendants in the said suit. After the decision in the trial court, the matter was appealed before the Additional Civil Judge, Hubli. The Additional Civil Judge, Hubli, passed an order in 1982 and the hon. High Court of Karnataka has confirmed the Judgment of the Additional Civil Judge, Hubli, in 1992.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: What was it?

SHRIMATI MARGARET ALVA: One minute. Let me finish the whole thing. I am not going into the details of what happened. The Anjuman-e-Islam preferred an appeal before the Supreme Court of India. The Supreme Court of India has admitted it as a Special Leave petition and issued a stay order in 1992. The stay order reads as under:

> "The demolition of buildings in the area which was a subject matter of dispute in the file of the Karnataka High Court, is hereby stayed".

So, all other actions on this area have been stayed by the Supreme Court. It is evident from the judgment of the High Court of Karnataka and that of the Additional Civil Judge, Hubli, that the dispute is about the usage of Idgah *maidan* and also the construction and demolition of buildings. In 1992, a group of people, belonging to the BJP... *(Interruptions)*

SHRI PRAMOD MAHAJAN: You give the details. You are concealing the basic facts. What was the decision of the Commissioner of the Hubli-Dharwar Municipal Corporation? What was the decision of the Judicial Magistrate? What was the decision of the High Court and what was the stay order of the Supreme Court? You are concealing all these facts. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): She stated about the Municipal Corporation.

SHRI PRAMOD MAHAJAN She is quoting what she wants to quote.

SHRIMATI MARGARET ALVA: I am not taking sides. I do not belong to this side or that side. *(Interruptions)*

SHRI PRAMOD MAHAJAN: You cannot give a half-truth.... *(Interruptions)*....

SHRIMATI MARGARET ALVA: Please listen to me... *(Interruptions)* ___ I am not yielding. You should not interrupt me. ... *(Interruptions)*....\ am not yielding. I am not yielding. 1 am sorry, I am not yielding.....*(Interruptions)*... I am not yielding.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: She is misleading the House, Sir.....*(Interrup tions)* ....

SHRIMATI MARGARET ALVA: Sir, what is this? What is he saying? .... *(Interruptions)*....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr Mahajan, from your side your version has been given. Let them give their version.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, it is not a question of version.....*(Interrup tions)*.... It is not our decision. It is a public litigation.

SHRIMATI MARGARET ALVA: What is it, Sir? You cannot allow him to go on interrupting me like this. Why is he going on record; .....*(Interruptions)* .....I am sory, I am not yielding.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Mahajan, you will have to hear the Minister.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: पहले सवाल किया, अब जवाब तो सुन लीजिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी. नारायणस्वामी): अहलुवालिया जी, आप बैठ जाइए। (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Ahluwalia, kindly take your seat .....*(Interruptions)*....

SHRIMATI MARGARET ALVA: Sir. I am not yielding and I do not think that he should interrupt me when I am giving a reply.

I am not going into the merits or the demerits of what has happened. What I am saying is that the matter is before the Supreme Court. It is *sub judice* and *(Interruptions)*.... Please do not interrupt me. ...*(Interruptions)*. .. The matter has been admitted in the Supreme Court as a Special Leave Petition and is pending with the Supreme Court. Sir, I want to say that a group of people belonging to the BJP planned, also in 1992, to hoist the National Flag at the disputed place coinciding with the unfurling of National Flag at "Lal Chowk' in Srinagar. As the place was disputed and the matter was pending before the High Court of Karnataka at that time, the local authorities decided not to allow any flag hoisting at the disputed place. This led to some tension in Hubli city then. Subsequently, the BJP activists have been making serious attempts to hoist the National Flag on the occasion of the Independence Day and the Republic Day. The district authorities have been thwarting all their attempts. In the last two years there were four attempts. Right? Okay.

Regarding the attempted flag hoisting by the BJP and other elements at Idgah Maidan on 15.8.94, the situation-report is as follows:

"The controversial Idgah Maidan was sealed by district authorities as a precautionary measure to prevent the BJP activists and other leaders, coming from all over, from hoisting the flag on 15.8.94. As a precautionary measure, curfew was also clamped in the limits of eight police stations between 3 P.M. on 14.8.1994 up to the mid-night of 15.8.1994. Ms. Uma Bharti, MP, was arrested at 10.55 A.M. on 15.8.1994 along with her supporters. Shri B.S. Yediyurappa, MLA and National Secretary of the BJP, was also arrested for defying the prohibitory orders along with followers at 11.30 A.M. Between 12.30P.M. and 1.00P.M. a crowd of about three to four thousand collected in the Maidan in front of the Savai Gandharva Kala Mandir near Deshpande Nagar. The crowd wanted Uma Bharti to come and address the gathering. Since Ms. Uma Bharti had been taken to preventive custody, the crowd was informed that she would not be allowed to address the gathering. The crowd got infuriated and resorted to vandalism. Immediately, local police arrested about 40 persons and they were

about to take them to Taluka Magistrate for being remanded to judicial custody. When the crowd surrounded the bus and tried to overpower the police. The bursting of teargas shells and rubber bullets had no effect and ultimately, as a last resort, the police opened fire to disperse the violent mob. Five persons died in the police-firing, ten persons suffered bullet injuries and twelve policemen and one Assistant Commandant were seriously injured. Additional reinforcements were rushed to the place and situation is tense, but under control. Director-General of Police also rushed to Hubli and the law and order situation is under control.

The BJP then gave a call for the Hubli *bandh* on the 16th and "black flag' demonstration all over the State. District Magistrates and other Superintendents of Police have been asked to maintain total peace in the State.

Sir, I am just placing these facts on record. I am not saying what the judgment of the Supreme Court should be. The point, on which all sections of this House are agreed, is, what is called for is an understanding, particularly on Independence Day; that there is no majority or minority when it comes to patriotism and nationalism. We all have to work together We all have to work for peace and understanding together.

4.00 P.M.

Therefore, the way in which the whole thing is now being sought to be made into an insult to the national flag because of the protest of some minority groups, who are anti-national and who do not want the national flag to be hoisted on the Independence Day, is not fair to leaders like my colleague. Prof. Sanadi, and many other outstanding leaders of different communities who have maintained peace and absolute amity between communities in Hubli. Election battles are fought. They are won and they are lost. But religion and particularly the national flag, should not become a symbol of this battle of the ballot. We all fight on issues, not on the national flag.

Sir, I must say two things here, which, I think, would set the record right. One is that the State Government, rather the Chief Minister, has announced a judicial inquiry. The State Cabinet will decide tomorrow who should head the inquiry. Payment of compensation of Rs. 1,00,000 to the next of kin of those who died in the firing has also been announced. The situation is under control. I have just spoken to Bangalore a little while ago. There is no problem at all. There is no problem of any kind which has erupted after this.

Sir, there is one issue on which the Members, particularly the BJP Members, spoke that is, the court orders. I think the BJP is the last party today who can quote laws and orders to us because even before the Supreme Court they had given affidavits, they had court orders, and they had committed themselves to following the court orders and then the Babri Masjid came down. Therefore, keeping this in view, we did not want to take any more chances. Karnataka is a peaceful Stale. Minorities and majorities, all of us, have lived in peace. We don't want the people, who have experimented in the North, who have burnt cities, whole areas-rather caused to bum the cities and whole areas-in the name of a place of worship, to destroy the amity in the South, particularly in Karanataka. Therefore, 1 wish to say that we share the concern of all those in the House, who have expressed their anguish over the turn of events. I would appeal to all sections not to make this a parly issue. This is not a Hubli issue. I think this is the time when we have to look at the whole issue as a national issue. Secularism is the cornerstone of our nation and all of us are committed to preserving this basic structure of our society. Therefore, I appeal to all of you, let us not get into acrimony over this issue. Those who died cannot come back to life. But we have to ensure at least that no more will die. 1 think it is what should really come out of this debate, in a sense of understanding and in a sense of national pride.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): We have taken more than 4 hours for one subject and that too during Zero Hour. Now we will go to the Government business. We will take up the Appropriation Bills. The other businesses, which are slated for today, may be taken up tomorrow. Now

Mr. Shankar Dayal Singh to continue his speech on the Bills.

THE APPROPRIATION (NO. 3) BILL, 1994, THE APPROPRIATION (NO.4) BILL, 1994 & THE APPROPRIATION (NO.5) BILL, 1994—

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार): उपसभाध्यक्ष जी, मैंने कल गांधी जी से अपनी बात शुरु की थी। मैंने यह कहा था इस देश के विकास के लिए, इस देश की योजनाओं के लिए, इस देश की अर्थनीति के लिए गांधी के बताए हुए रास्ते पर ही इस देश को चलना होगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) [पीठासीन हुए]:

हमारे सामने जो स्थितियां है और जो परिस्थितियां है वह अच्छी तरह से इस सदन में कई बार चर्चा में आ चुकी है। पिछले दिनों हमने डंकल प्रस्तावों को मानकर गेट संधि करके भारत के सम्मान के साथ जिस तरह से खिलवाड़ किया उसको लेकर देश में और देश के कोने-कोने में, सदन में और सदन के बाहर विस्तार से चर्चाएं होती रही है उसमें मैं जाना नहीं चाहता।

लेकिन इतना जरुर कहना चाहता हूं कि यदि आज गांधी जी होते तो देश की तस्वीर कुछ और होती। पिछले 47-48 वर्षों से देश की जो तस्वीर बनती चली जा रही है, राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक, तीनों तरफ से वह बहुत ही विचारणीय और गंभीर है। मैं इसे राजनैतिक मामला कतई नहीं मानता। इसलिये कि देश के विकास का जो मामला होता है, राष्ट्रीय स्वाभिमान का जो मामला होता है, वह राजनीति से ऊपर होता है और हम सब जो यहां बैठे हुए हैं, निश्चितरूप से कहीं न कहीं एक मत पर आकर जुड़ते है कि इस राष्ट्र को टूटना नहीं चाहिये, मजबूत होना चाहिये और हमारा स्वाभिमान बना रहना चाहिए। गांधी जी की सबसे बड़ी शक्ति थी सत्य और अहिंसा। लेकिन आज हमारा ढांचा धीरे-धीरे असत्य और हिंसा के मार्ग से चरमरा रहा है।

उपसभाध्यक्ष जी, आज देश एक चौराहे पर खड़ा है। हमारी विदेश नीति, हमारी आंतरिक नीतियां, कश्मीर की स्थिति, असम की स्थिति और दूसरी अनेक स्थितियां ऐसी हैं, जिनके बारे में इस सदन में चर्चा होती रही है। खुशी की बात है कि पंजाब में शांति है और इसके लिये पंजाब के भाइयों को मैं बधाई देता हूं जो वहां पर शांति स्थापित हुई है। लेकिन दूसरी ओर प्राकृति आपदायें कहीं पर बाढ़, कहीं पर सूखा, कहीं बीमारियां और कहीं दूसरी तरह की मार हमारे ऊपर होती है। उसको तो हम सह लेते हैं लेकिन दूसरी जो मार होती है वह बहुत असह्य हुआ करती है।

मैं आर्थिक नीतियों की बात जो कर रहा था, जो विनियोग विधेयक 3,4 और 5 के सिलसिले में मुख्य रूप से चर्चा का विषय होना चाहिये, इस संबंध में मैं एक खास मुद्दे पर आऊं, इसके पहले मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान 1980 की ओर ले जाना चाहता हूं। 1980 में भी देश में इस तरह का माहोल पैदा हुआ था और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा-कोष से भारत को 5.2 अरब का ऋण मिलने की बात चल रही थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उसे अस्वीकार कर दिया था। मंत्री महोदय को अच्छी तरह से याद होगा, इसको उन्होंने इसलिये अस्वीकार किया था क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा-कोष की जो शर्तें थीं, उन शर्तों को मानने से हमारे देश का स्वाभिमान समाप्त होता और हमारी अनेक नीतियां गिरवी हो जाती। 1980 में जब श्रीमती इंदिरा गांधी ने इसे अस्वीकार किया तो विश्व बैंक ने उस समय 25 करोड़ डालर खर्च करके, 750 करोड़ रुपया खर्च करके, भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था पर विस्तार से एक रिपोर्ट तैयार की। 30 नवम्बर, 1990 को भारत सरकार को उस रिपोर्ट की प्रति थमायी गयी और मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि जिसको स्वाभिमान के नाम पर श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1980 में ठुकरा दिया था, उसी ऋण को 1990 में नयी सरकार जब आयी तो वह उस ऋण के चंगुल में चली गयी।

उपसभाध्यक्ष जी, आज हमारी वर्तमान स्थिति क्या है? विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा-कोष की निर्धारित शर्तों को मान कर हम चल रहे हैं। हम बैसाखी के सहारे चल रहे हैं। वह कहते हैं कि उठो हम उठते हैं, बैठो तो हम बैठते हैं। हो क्या गया है इस देश को? 1989-90 में डालर की दर 16.65 प्रति डालर थी, 1991-92 में वह 24.74 हुई और आज 1993-94 में 32 रुपया एक डालर का मूल्य हमको देना पड़ रहा है। रुपये का अवमूल्यन हमने दो-दो बार किसके इशारे पर किया, यह मैं जानना चाहता हूं? महोदय, मुझे खुशी है कि जब मैं इस बात को उठा रहा हूं तो आप इस कुर्सी पर पदासीन हैं और इस बात के आप सबसे अनुभवी और जानकार व्यक्ति हैं। जब कोई जानकार व्यक्ति सामने रहता है तो बहुत सी ऐसी बातें भी जिह्वा पर चली आते हैं, जो बातें छिपी रहती हैं, शायद ये बातें सरकार तक पहुंच सकें तो मैं समझूंगा कि मेरा बोलना सफल रहा। इसलिए उपसभाध्यक्ष जी, मैं सीधे कुछ सवाल सरकार से पूछना चाहता हूं और यह कहना चाहता हूं कि सरकार की ओर से जब हमारे